UNI
BREVITY ACCURACY SPEED

यूनीवार्ता
भारत की अग्रणी संवाद समिति

http://www.univarta.com/government-is-making-collective-efforts-to-strengthen-micro-small-and-medium-units-rane/Business/news/2692099.html

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है सरकारः राणे

नयी दिल्ली 29 मार्च (वार्ता) केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि इस क्षेत्र की इकाइयां देश की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार की गति बढ़ाने की एजेंट हैं और उन्हें अंगुली का सहारा देने तथा मजबूत करना बहुत जरुरी है।

श्री राणे ने कहा कि लंबे समय तक भारत में एमएसएमई क्षेत्र को सीमित संसाधनों के साथ जीना पड़ा, पर इस क्षेत्र ने देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार एमएसएमई इकाइयों के महत्व को देखते हुए उन्हें मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर सामूहिक प्रयास कर रही है। श्री राणे राष्ट्रीय राजधानी में भारत के एमएसएमई क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने के विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठि का उद्घाटन कर रहे थे। इसका आयोजन अहमदाबाद के संगठन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से किया है। उद्घाटन सत्र को एमएसएमई मंत्रालय में राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने भी संबोधित किया।